उदयपुर एक्सप्रेस

उदयपुर, गुरुवार 6 अप्रेल, 2023

वात्सल्य योजना (फोस्टरकेयर) से मिला बच्चे को पोषक परिवार

उदयपुर। वात्सल्य योजना के तहत देखभाल व संरक्षण की आवश्यकता वाले पोष्य बालक को पोषक परिवार को बाल कल्याण समिति ने सौपा। पोषक माता की उम्र 41 वर्ष है जो कि शिक्षा विभाग में कार्य करती है। पोष्य बच्चे की माता की मृत्यु हो चुकी है और पिता ज़ेल में है। पोषक माता का कहना है की बच्चे तो भगवान का रूप है और मुझे उसकी देखभाल करके का मौका मिला मैं अपने आपकोबहुत खुशकिस्मत मानती हूँ की मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। फोस्टर केयर सोसायटी के तकनीकी सहयोग एवं बाल कल्याण समिति व जिला बाल संरक्षण इकाई के आदेशानुसार पोषक देखभालकर्ता को सुपुर्द किया गया।

फोस्टर केयर सोसायटी के तकनीकी सहयोग अब तक कुल 28 बच्चों को इस योजना से लाभान्वित किया गया है। उदयपुर जिले में 23 बच्चों को लाभान्वित किया गया है जो कि राजस्थान में प्रथम स्थान पर है। राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष श्रीमान राजीव मेघवाल ने कहा की देखभाल व संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को वात्सल्य योजना से जोड़कर उन्हें परिवार का प्यार, देखभाल दिया जा सकता है। डॉ दिव्यानी कटारा, समाज कल्याण विभाग बोर्ड सदस्य; श्रीमती मीना शर्मा, सहायक निदेशक, बाल अधिकारिता विभाग, उदयपुर ध्रुव कुमार चारण, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष; एवं बाल कल्याण समिति सदस्यों में डॉ शिल्पा महता, जिग्नेश दवे, सुरेश कुमार शर्मा व फोस्टर केयर सोसायटी से अनुराग महता, कुसुम पालीवाल, शिवानी सिंघवी की मौजुदगी में पोषक देखभालकर्ता को पोष्य बालक सुपुर्द किया गया।